एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

सोमवार, 13 जुलाई 2026, वर्ष 7,

PAGE NO : 06 MIDDLE

# सावन के गीतों पर श्रोता मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रिद्धिमा में कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार। • अमृत विचार

• रिद्धिमा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

• गायन गुरु और विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को ''मैलोडीज आफ मल्हार'' कार्यक्रम हुआ। इसमें रिद्धिमा के गायन गुरुओं और विद्यार्थियों ने बरसात के प्रसिद्ध गीतों को गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ गायन के विद्यार्थियों श्रेया प्रभजोत, मानसी टंडन, अंशुमा अग्रवाल, अर्णव कन्नौजिया, गीतू अरोड़ा ने फिल्मी गीतों की बंदिश से किया। गायन के विद्यार्थी आदित्य प्रसिद्ध गीत ''भीगी रातों में'' को अपने स्वरों में प्रस्तुत कर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया।

सात्विक मिश्रा ने गायन के विद्यार्थियों के साथ ''सावन झर लगेला'' को आवाज दी तो गुरु प्रियंका ग्वाल ने ''सावन की भीगी रातों में'' को अपने स्वरों में प्रस्तुत किया। अतिथि गायक इंदू परडल ने ''सजना बरसे हैं क्यों अंखियां'' को अपनी सुरीली आवाज में गाकर श्रोताओं झूमने पर मजबूर कर दिया। गायन की विद्यार्थी श्रेया ने ''अब के सावन ऐसे बरसे'' गाया। गायन के विद्यार्थियों ने फिर एक साथ मंच संभाला और मल्हार जाम प्रस्तुत किया। रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंदर सिंह (परकसन), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज), सीमा (सितार), दीपकांत जौहरी (तबला), डैरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड), अमर नाथ (तबला), रॉनी फिलिप्स (सैक्सोफोन), पवन भारद्वाज (हारमोनियम) एवं वाद्ययंत्र के विद्यार्थियों डा.नम्रता सिंह, विवान अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गार्गी ने भी अपनी वाद्ययंत्रों की सुरीली संगत से उपस्थिति दर्ज कराई। संचालन अरुणा गंगवार के किया। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।